दिनांक : 14.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

79वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर प्रदेशभर में उल्लास का माहौल है। आजादी के जश्न को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में है। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का इस बार जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बरकतउल्लाह खां स्टेडियम में ध्वजारोहण करेंगे और प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। वे जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इससे पहले दोपहर बाद मुख्यमंत्री आज जोधपुर पहुंचेंगे। उनका वहां विभिन्न आयोजनों में भाग लेने का कार्यक्रम है।
कल होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के 11 प्रशासनिक अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले आज जोधपुर के मेहरानगढ़ फोर्ट में रखे गये एट होम कार्यक्रम में 14 पुलिस कार्मिकों को उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के. सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इनके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य के लिए 4 व्यक्तियों और 1 ग्राम पंचायत को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। आजादी की वर्षगांठ प्रदेश के अन्य जिलों में भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री, जिला कलेक्टर और संभागीय आयुक्त ध्वजारोहण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। विभिन्न संगठनों, सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं में भी आजादी का जश्न उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

000

दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे और देशवासियों को संबोधित करेंगे। इस साल के स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय "नया भारत" है। यह समारोह एक समृद्ध, सुरक्षित और साहसिक "नया भारत" के निरंतर उत्थान का स्मरण करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न भी मनाया जाएगा। लाल किले पर समारोह देखने के लिए देशभर से विभिन्न क्षेत्रों के लगभग पाँच हज़ार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने और ऑपरेशन सिंदूर की जीत का जश्न मनाने के लिए, कल शाम को पूरे भारत में 140 स्थानों पर बैंड प्रस्तुतियाँ रखी गई हैं।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। ये संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढे नौ बजे क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी हिंदी और फिर अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रपति का संबोधन प्रसारित किया जाएगा।

000

देश आज बंटवारे की त्रासदी को याद करते हुए विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। 1947 में आज के दिन भारत के विभाजन के दौरान हुई लोगों की पीड़ा और असहनीय कष्टों को याद किया जाता है। इस अवसर पर जिलों में संगोष्ठियां और चित्र प्रदर्शनी सहित विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज बीकानेर शहर में विभाजन विभीषिका से जुड़े कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बीकानेर दौरे पर गये मुख्यमंत्री ने खाजूवाला स्थित कोडेवाला बॉर्डर पोस्ट पर बीएसएफ जवानों से संवाद कर उनकी हौसला अफज़ाई की।
विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर जयपुर, जोधपुर और अजमेर रेलवे स्टेशनों पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदेश भाजपा की ओर से भी जिलों कार्यक्रम रखे गये हैं।

000

प्रदेश में आजादी की वर्षगांठ से पूर्व आज भी कई जगह तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। बालोतरा के पाटोदी में निकाली गई तिरंगा रैली और प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए। सवाईमाधोपुर जिला मुख्यालय पर आयोजित तिरंगा रैली में आमजन के साथ पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारियों ने शिरकत की। झुंझुनूं में आयोजित रैली में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने वंदे मात्रम और भारत माता के जयघोषों से राष्ट्रभक्ति का संचार किया। रैली में युवा और एनसीसी तथा स्काउट गाइड्स भी शामिल हुए। हनुमानगढ के टिब्बी में सुबह निकाली यात्रा में युवाओं ने तिरंगे लहराते हुए देशभक्ति के नारे लगाये।

000

प्रदेश में कई दिनों के अंतराल के बाद आज फिर से मॉनसून की गतिविधियों में तेजी देखी गई। पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा करीब 12 सेंटीमीटर बारिश धौलपुर के सैपऊ में रिकॉर्ड हुई।

000